प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 16.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों की ओर से मुफ्त की सौगातों का वादा करने के चलन के खिलाफ केंद्र और निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी कर मांगा जवाब।
2. झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में घंटी आधारित शिक्षकों की संविदा पर नियुक्ति मामले में उच्च शिक्षा सचिव, सभी कुलपति और रजिस्ट्रार को 22 अक्टूबर को कोर्ट में सशरीर हाजिर होने का दिया निर्देश।
3. नेशनल ग्रीन ट्रियूबनल– एनजीटी ने झारखंड समेत देशभर की नदियों से बालू उठाव पर लगी रोक हटायी, राज्य में केवल 40 घाटों से होगा बालू का उठाव।
4. रांची, गुमला, खूंटी और लोहरदगा समेत आठ जिलों में आज बारिश के आसार, आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी।
5. जमशेदपुर में 18 से 20 अक्टूबर तक खेला जायेगा झारखंड बास्केटबॉल लीग का पहला सत्र, विजेता टीम को नेशनल चैंपियनशिप में खेलने का मिलेगा अवसर।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों की ओर से मुफ्त सौगातों का वादा करने के चलन के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। गौरतलब है कि बेंगलुरू निवासी शशांक जे. श्रीधारा ने याचिका दाखिल कर चुनाव से पहले मुफ्त की सौगातें देने के राजनीतिक पार्टियों के वादों पर रोक लगाने के लिए केंद्र और निर्वाचन आयोग को आदेश देने का अनुरोध किया है।

****

झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखें घोषित होने के बाद राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गयी हैं। राज्य में अगले महीने की 13 और 20 तारीख को दो चरणों में मतदान होगा। मतगणना 23 नवंबर को होगी।

****

भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की नई दिल्ली में आयोजित बैठक में झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने पर चर्चा की गयी। भाजपा मुख्यालय में आयोजित बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार पार्टी, विधानसभा सीटों के आधार पर उम्मीदवारों के नाम की पहली सूची आज जारी कर सकती है।

****

झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। चुनाव खत्म होने तक अब किसी प्रकार की नयी योजनाओं की घोषणा, नयी नियुक्तियां समेत नई नीतियों का निर्धारण नहीं हो सकेगा। हालांकि पहले से जारी योजनाओं पर काम जारी रहेगा। गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया 18 अक्टूबर को पहले चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू होगी जो 23 नवंबर को नतीजे आने तक जारी रहेगी।

****

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल – एनजीटी ने झारखंड समेत देशभर की नदियों से बालू उठाव पर लगी रोक हटा ली है। रोक हटने के बाद झारखंड में तत्काल चालीस घाटों से बालू का उठाव होगा। गौरतलब है कि राज्य में 400 से अधिक बालू घाट हैं, लेकिन प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को संबंधित विभाग से बालू उठाव संचालन की सहमति नहीं मिलने के कारण सिर्फ 40 घाटों से ही बालू का उठाव होगा।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में घंटी आधारित शिक्षकों की संविदा पर नियुक्ति मामले में उच्च शिक्षा सचिव, सभी कुलपति और रजिस्ट्रार को अदालत के समक्ष 22 अक्टूबर को सशरीर

उपस्थित होने का निर्देश दिया है। सुनवाई में प्रार्थी की ओर से बताया गया कि पूर्व में अदालत ने कहा था कि ऐसी नियुक्ति नहीं की जानी चाहिए। घंटी आधारित शिक्षकों को नियमित शिक्षकों की तुलना में कम वेतन मिलता है और इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ता है और छात्रों और शिक्षकों का पलायन भी अन्य राज्यों में होता है।

****

झारखंड हाइकोर्ट ने रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी को दो मामलों में मिली सजा पर रोक लगा दी है। अदालत के इस फैसले के बाद वह झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ सकती हैं। गौरतलब है कि रामगढ़ की अदालत ने रामगढ़ में गोलीकांड समेत दो मामलों में पांच और दो साल की उन्हें सजा सुनायी है, इस सजा के खिलाफ ममता देवी ने झारखंड हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी।

****

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने राज्य की हेमंत सरकार पर पांच वर्षों तक जनता को धोखा देने का आरोप लगाया है। श्री सेठ ने कहा कि चाहे वो युवा हों, महिला हों या किसान, सबको इंडी गठबंधन ने ठगा।

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने कहा कि केंद्र सरकार देश से गरीबी हटाने के लिए कटिबद्ध है। वे रांची में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, झारखण्ड प्रदेश के प्रशिक्षण सह कार्यशाला कार्यक्रम में बोल रहे थे। श्री चुग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीबों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों की चर्चा की।

****

लोहरदगा जिला में चुनाव आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए पूरी तैयारी की गई है।

****

मौसम विभाग ने आज रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां में हल्की बारिश का अनुमान जताया है। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है। विभाग के अनुसार अगले दो दिनों के बाद मौसम पूरी तरह साफ होगा और तापमान में कमी आनी शुरू हो जायेगी।

****

झारखंड बास्केटबॉल लीग का पहला सत्र 18 से 20 अक्टूबर तक जमशेदपुर में आयोजित किया जा रहा है। इसमें झारखंड की छह टीम भाग ले रही हैं। झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव और राष्ट्रीय टीम के कोच जेपी सिंह ने बताया कि लीग मैच शाम छह बजे शुरू होंगे। सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही जमशेदपुर में जनवरी में होने वाले नेशनल चैंपियनशिप में भी विजेता को भाग लेने का अवसर मिलेगा।

****